हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 13 दिसम्बर 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]


तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री


2 अवैध धान परिवहन का भंडाफोड़




## खबर संक्षेप

### सीएचसी उदयपुर में जीवनदीप समिति में गड़बड़ी, जांच टीम गठित

**अंबिकापुर।** सीएचसी उदयपुर में जीवन दीप समिति के वित्तीय अनियमितता व आरएसबीवाई के प्रोत्साहन राशि वितरण को लेकर संभागीय संयुक्त संचालक डॉ. अनिल कुमार शुक्ल ने जांच टीम का गठन किया है। जेडी डॉ. शुक्ला ने बताया कि सीएचसी उदयपुर में जीवन दीप समिति के वित्तीय अनियमितता एवं आरएसबीवाई के प्रोत्साहन राशि प्राप्ति हेतु पात्र अधिकारियों-कर्मचारियों को सन 2022 से प्रोत्साहन राशि आज पर्यन्त तक वितरित नहीं होने की शिकायत मिली थी। ऐसे में मामले की जांच के लिए टीम का गठन किया गया है। जेडी ने जांच टीम में नर्सिंग होम एक्ट के जिला नोडल डॉ. पीके सिन्हा को अध्यक्ष, असीम ज्योत एक्का, किंसुक अग्निहोत्री, सदस्य के रूप में जांच दल टीम में रखा गया है। शिकायत में उल्लेखित सभी तत्थों की नियमानुसार जांच तत्काल पूर्ण कर रिपोर्ट संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं को प्रदान करने के निर्देश दिए है। जांच रिपोर्ट के आधार पर मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### अनियंत्रित ट्रेलर गड्ढे में गिरा, चालक गंभीर

**अम्बिकापुर।** अम्बिकापुर-बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 130 पर एक ट्रेलर अनियंत्रित होकर पुलिया से गड्ढे में गिर गया। दुर्घटना में ट्रेलर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है। ट्रेलर क्रमांक सीजी 15 डीएन 8999 का चालक कोयला लोड करने करजी से परसा केते कोल लोडिंग पाइंट की ओर जा रहा था। चालक जैसे ही लखनपुर के जूनाडीह स्थित चुल्हट पुलिया पर पहुंचा विपरीत दिशा से तेज गति से आ रहे ट्रक चालक द्वारा कट मारने से ट्रेलर अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिर गई। दुर्घटना में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल चालक को बाहर निकाला तथा अस्पताल भेजा। चालक दिनेश सिंह ने बताया कि सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक चालक द्वारा कट मारने के कारण ट्रेलर अनियंत्रित हो गई।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**अम्बिकापुर।** लखनपुर थानान्तर्गत ग्राम अमदला शंकर घुटरा के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मामले में मर्ग कायम कर आरोपी वाहन चालक को तलाश रही है। पुलिस के अनुसार ग्राम बंधा निवासी इमरान खान पिता जाफिरूल खान कुछ दिनों पूर्व अपने नहिहाल ग्राम खाला गया था तथा बुधवार को सुबह बाइक से अपने घर बंधा के लिए निकला था। जैसे ही वह अमदला शंकरघुटरा के पास पहुंचा अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के कारण से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन की सूचना पर पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है।

## मैनपटिया ठण्ड....



**अम्बिकापुर।** कड़ाके की ठण्ड के बीच अरान्ह 3 बजे मैनपाट की वादियों में घने कोहरे के प्रभाव से बदला प्ररिदृश्य। फोटो : कमलेश

### खड़ी-खड़ी हो रही कंडम बसें

# 2 करोड़ खर्च कर बना सिटी बस टर्मिनल कबाड़ में हो रहा तब्दील

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर में सिटी बस के संचालन हेतु करोड़ो रुपए खर्च कर बनाया गया सिटी बस टर्मिनल बिल्डिंग अब कबाड़ में तब्दील होता नजर आ रहा है। निजी बस ऑपरेटरों को हैंडओवर करने के बाद यह सिर्फ एक गैरेज के रूप में तब्दील हो गया है। हैरानी की बात तो यह है कि अधिकारियों द्वारा भी इस महत्वाकांक्षी योजना को लेकर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

**खास बात**

- 2015 में मिली थी स्वीकृति

बता दें कि शहर में सिटी बसों के संचालन हेतु प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा वर्ष 2015 में सिटी बस टर्मिनल भवन के निर्माण हेतु स्वीकृति दी गई थी। शासन से दो करोड़ रुपए की स्वीकृति मिलने के बाद 27 जनवरी 2015 को ननि द्वारा इसके लिए वर्क ऑर्डर जारी किया गया था और भवन का निर्माण भी महज 6 माह में ही पूर्ण हो जाना था लेकिन लेट लतीफी के कारण निर्माण पिछड़ गया। लम्बे प्रयास के बाद वर्ष 2022 में सिटी बस टर्मिनल भवन का निर्माण पूर्ण कर इसके संचालन का जिम्मा निजी बस ऑपरेटरों को दिया गया था। शासन की मंशा थी कि शहर की सभी सिटी बसें एक ही छत के नीचे खड़ी होंगी और एक ही स्थान से प्रतिदिन शहर व जिलेभर के लिए रवाना होंगी लेकिन वर्तमान में शासन की यह मंशा सफल होती नजर नहीं आ रही है। ऐसा इस लिए क्यों कि सिटी बसें शहर से गायब हो चुकी है। जो बसें बची भी है वो शहर में चल नहीं रही है ऐसे में करोड़ो रुपए का सिटी बस टर्मिनल निजी ऑपरेटर के गैरेज के रूप में रह गया है। टर्मिनल भवन में निजी ऑपरेटर और सिटी बस की कबाड़ में तब्दील बसें ही पड़ी हुई है। इधर देखरेख के आभाव में अब टर्मिनल भवन भी जर्जर होने की स्थिति में है।



सिटी बस टर्मिनल के खड़ल कबाड़ बसें।

**मिली थी 40 बसें**

शहर सहित जिले वासियों के लिए शासन से 40 बसें दी गई थी। इन बसों का संचालन सरगुजा शहरी यातायात सोसायटी के तहत सरगुजा बस ऑपरेटर कर रहे थे। बताया जा रहा है कि वर्तमान में 22 बसें कंडम हो चुकी है जबकि शेष बसों का भी कोई अता पता नहीं है। ये बसें भी कहीं कबाड़ में पड़ी हुई है और लोगों को इनका लाभ नहीं मिल पा रहा है। बड़ी बात तो यह है कि सरगुजा में वर्तमान में कितनी सिटी बसें चल रही है और बस टर्मिनल भवन की क्या स्थिति है इसे लेकर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को कोई जानकारी नहीं है।

**ली जाएगी जानकारी**

सिटी बस टर्मिनल को लेकर जानकारी ली जाएगी। भवन का सही उपयोग हो इस दिशा में भी प्रयास किए जाएंगे। अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश दिए गए है।

-श्रीमती मंजूषा भगत, महापौर ननि



# बस की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

शुक्रवार की देर शाम बस व बाइक की टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई जबकि तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया है। पुलिस द्वारा इस मामले में मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है।

- एक गंभीर रूप से घायल, चालक हुआ फरार

बताया जा रहा है कि थाना अंतर्गत ग्राम मोतीनगर निवासी 18 वर्षीय सुशील कुमार नगेसिया आ. कुंवर साय नगेसिया, 19 वर्षीय उसपाल आ. स्व. चांगुल नगेसिया व 16 वर्षीय संजू आ. सहजू नगेसिया पल्सर बाइक क्रमांक सीजी 30 एफ 1944 से किसी काम से कुसमी बाजार आए हुए थे और शाम लगभग 6 बजे वे वापस लौट रहे थे। इस दौरान बगीचा से कुसमी के बीच चलने वाली शमीम बस क्रमांक सीजी 14 जी 0136 के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चालते हुए जनपद पंचायत कार्यालय के समक्ष सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मौके पर ही बाइक सवार सुशील नगेसिया और उसपाल नगेसिया की मौत हो गई जबकि संजू नगेसिया गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद चालक बस को छोड़कर मौके से फरार हो गया। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी कुसमी विरासत कुजूर दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस द्वारा मृतकों की शिनाख्त करने के साथ ही घटना की सूचना परिजन को दी गई।

इस घटना के बाद मृतकों के परिजन सदमे में है। फिलहाल पुलिस द्वारा शवों को मर्च्युरी में रखवाने के साथ ही मामले में मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है जबकि घायल संजू नगेसिया को चेहरे और सिर में गंभीर चोट के कारण मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया है। थाना प्रभारी विरासत कुजूर ने बताया कि मामले में बस को जब्त किया गया है और चालक की तलाश जारी है। शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द किया जाएगा।

# धान खरीदी केंद्र में ट्रैक्टर के नीचे आकर किसान की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

शुक्रवार को बिक्री के लिए धान लेकर खरीदी केंद्र पहुंचे किसान की ट्रैक्टर की चपेट में आने से मौत हो गई। किसान ट्रैक्टर से धान की गिरी हुई बोरियों को उठाने के लिए नीचे उतारा था और ट्रैक्टर बैक होने से वह कुचल गया जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है। बताया जा रहा है कि थाना अंतर्गत ग्राम केदली निवासी 65 वर्षीय हरिमोहन एक्का आ. अगनू एक्का 12 दिसम्बर को ट्रैक्टर से धान लेकर कुसमी धान खरीदी केंद्र पहुंचा था। इस दौरान उसके ट्रैक्टर ट्राली से धान की बोरियां नीचे गिर गई जिसे उठाने के लिए किसान वाहन से नीचे उतरा और ट्रैक्टर व ट्राली के बीच में खड़ा था। इसी दौरान ट्रैक्टर के बैक होने से ग्रामीण वाहन के नीचे दब गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद हड़कंप मच गया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है इसके साथ ही घटना की जांच की जा रही है। इधर इस मामले में कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने भी शोक व्यक्त करने के साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों को मौके पर रवाना किया और मृतक के परिजन को आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने के निर्देश दिए है।

- बोरियां उठाते समय आया चपेट में



दुर्घटनाकरित धान लोड ट्रैक्टर।

### जिले के 21 केन्द्रों में जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश आज

अंबिकापुर। जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा का आयोजन 13 दिसंबर को जिले के 21 परीक्षा केंद्र में आयोजित की जाएगी। सरगुजा जिले में कुल 5953 पांचवीं कक्षा में अध्यनरत छात्र-छात्राओं ने नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में रजिस्ट्रेशन किया है, जिसमें अंग्रेजी माध्यम से 644 एवं हिंदी माध्यम से 5309 छात्र - छात्राओं का रजिस्ट्रेशन हुआ है। परीक्षा के सम्बन्ध में गुरुवार को पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय ख़लीबा में अभिविन्यास कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें प्राचार्य डॉ एसके सिन्हा, परीक्षा केंद्राध्यक्ष, केंद्र स्तरीय पर्यवेक्षक, खंड शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान प्राचार्य डॉ सिन्हा द्वारा बिंदुवार प्रवेश परीक्षा से संबंधित पीपीटी के माध्यम से परीक्षा सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।






### सीएम की उपस्थिति में विवि ने बाल अधिकार आयोग के साथ किया एमओयू, मुख्यमंत्री को अवगत कराया विवि की स्थिति से

# एसजीजीयू संचालित करेगा एक वर्षीय डिप्लोमा रक्षक पाठ्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर


संत गहिरा गुरू विवि आगामी शिक्षा सत्र से एक वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम रक्षक का संचालन करेगा। विवि ने इस अनोखे पाठ्यक्रम का सिलेबस भी तैयार कर लिया है। पिछले दिनों रायपुर स्थित मुख्यमंत्री आवास कार्यालय में एसजीजीयू सहित छत्तीसगढ़ के विभिन्न 6 विश्वविद्यालयों ने रक्षक पाठ्यक्रम संचालित करने के संबंध में बाल अधिकार एवं संरक्षण आयोग के साथ एमओयू किया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, महिला बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े एवं उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा की उपस्थिति में संत गहिरा गुरू विवि, पं.रविशंकर शुक्ल विवि, कुशाभाऊ ठाकरे विवि सहित प्रदेश के तीन अशासकीय विश्वविद्यालयों के कुलपति एवं कुलसचिव एवं बाल आयोग व अधिकार आयोग के अध्यक्ष ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। कुलसचिव डॉ.एसपी त्रिपाठी ने बताया कि इस दौरान एसजीजीयू सहित अन्य विश्वविद्यालयों ने एक वर्षीय रक्षक डिप्लोमा पाठ्यक्रम का सिलेबस प्रस्तुत किया जिस पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस अनोखे पाठ्यक्रम की जमकर सराहना की तथा कहा कि यह पाठ्यक्रम युवाओं को रोजगार प्रदान करने के साथ ही भविष्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, उच्च शिक्षा मंत्री टंक राम वर्मा एवं बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ.वर्णिका शर्मा ने भी पाठ्यक्रम को सराहा। इस दौरान एमओयू करने वाले विश्वविद्यालयों के कुलपति, कुल सचिव उपस्थित थे।




**सीएम एवं राज्यपाल से मिले अधिकारी**

एमओयू पर हस्ताक्षर करने के उपरांत एसजीजीयू के कुलपति प्रो.राजेन्द्र लाकपाले एवं कुलसचिव डॉ.एसपी त्रिपाठी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिले तथा एसजीजीयू की स्थिति से अवगत कराया। अधिकारियों ने बताया कि राशि के अभाव में विवि के महत्वपूर्ण भवनों का निर्माण वर्षों से अधूरा पड़ा है जिसके कारण विवि का विकास बाधित हो गया है। भवनों का निर्माण होने पर विवि के शैक्षणिक विभागों का परिसर में ही संचालन हो सकेगा। भवन के अभाव में विवि नए पाठ्यक्रमों का संचालन नहीं कर पा रहा है। अधूरे भवनों को पूर्ण कराने के लिए 25 करोड़ रूपए की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कुलपति को इस संबंध में शीघ्र कारगर पहल करने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री से चर्चा के बाद कुलपति प्रो.लाकपाले ने राजभवन पहुंचकर राज्यपाल रमन डेका से मिले तथा उन्हे एसजीजीयू में आने का न्योता दिया। राज्यपाल रमन डेका ने कुलपति प्रो.लाकपाले का न्योता स्वीकार करते हुए शीघ्र संत गहिरा गुरू विवि पहुंचने का आश्वासन दिया।



## खबर संक्षेप

### होम्योपैथिक दवा केन्द्र का शुभारंभ



**पटना।** शुक्रवार को नगर पंचायत पटना में डॉ.विकास कुशवाहा होम्योपैथिक दवा केन्द्र का शुभारंभ मुख्य अतिथि गौ सेवा आयोग के जिला समिति कोरिया के अध्यक्ष रेवा यादव एवं रविशंकर शर्मा की उपस्थिति में फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर राजेश साहू, दिनेश राजवाडे विजेन्द्र लाल भदौरिया आदि मौजूद रहे।

### अभा गृह संपर्क अभियान स्वयंसेवकों ने बांटे पत्रक



**बैकुण्ठपुर।** भगवान परशुराम शाखा महलपारा बस्ती द्वारा अखिल भारतीय गृह संपर्क अभियान के तहत बीते 10 दिनों से स्वयंसेवकों द्वारा पत्रक वितरण का कार्य किया गया। घर-घर पत्रक बांटने में स्वयंसेवक किशोर सिंह, मुन्नादादा, रविकांत गुप्ता, शैलेन्द्र शर्मा, अवधेश प्रताप सिंह, राजू, प्रवीण पाण्डेय, अनुपम सोनी, मनोज सोनी, सुरेश प्रसाद, सोनू सिंह, रामजी साहू, जय कुमार चक्रधारी सहित अन्य स्वयंसेवकों का योगदान रहा।

### पुलिस आरक्षकों की चयन सूची जारी

**बैकुण्ठपुर।** पुलिस आरक्षक की चयन सूची बीते दिनों जारी की गई। अभ्यर्थियों के लिए उक्त भर्ती परिणामों से संबंधित शिकायतों एवं समस्याओं के निराकरण के लिए वरिष्ठ कार्यालय के निर्देशों के अनुपालन में जिला कोरिया में भी हेल्पडेस्क की स्थापना की गई है। स्थापित हेल्प डेस्क पुलिस अधीक्षक कोरिया रवि कुमार कुर्रे के निर्देशन में बैकुंठपुर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में 12 दिसंबर से शुरू हो गई, जो आज 13 दिसंबर एवं कल 14 दिसंबर तक संचालित रहेगा। जानकारी के अनुसार स्थापित हेल्पडेस्क दो शिफ्टों में कार्य करेगा। प्रथम शिफ्ट प्रातः 10:30 से दोपहर 12:30 बजे तक शिकायतें प्राप्त करना एवं संबंधित भर्ती समितियों से जानकारी एकत्र किया जाएगा वहीं द्वितीय शिफ्ट अपरान्ह 3:30 से 5:30 बजे तक शिकायतकर्ताओं को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने के लिए काम करेगा।

### 52 छात्राओं को किए गए स्वेटर वितरित



**बैकुण्ठपुर।** कड़ाके की ठंड को देखते हुए शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर में 11 दिसंबर को आर्थिक रूप से कमजोर छात्राओं के लिए स्वेटर वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्राचार्य अमृत लाल गुप्ता ने अपने सहयोगी शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति में विगत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी कुल 52 छात्राओं को स्वेटर प्रदान किए। प्राचार्य श्री गुप्ता ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य ठंड से होने वाली कठिनाइयों से छात्राओं को राहत देना, उनके स्वास्थ्य की रक्षा करना तथा नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रबंधन प्रतिवर्ष जरूरतमंद विद्यार्थियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए समय-समय पर उपयोगी सामग्री प्रदान करता है।

### मैनप्रसाद के डबरी बनी आजीविका का साधन

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले की बैकुंठपुर जनपद पंचायत के अंतर्गत केनापारा गांव में किसान मैनप्रसाद और उनका परिवार परंपरागत रूप से केवल एक फसलीय कृषि पर निर्भर थे। मैनप्रसाद की पत्नी श्रीमती तारा राजवाड़े मां सरस्वती स्वयं सहायता समूह के सदस्य के तौर पर आजीविका मिशन बिहान के समूह से जुड़ी हुई थी।

### 18.60 लाख कीमत, राजस्व एवं खाद्य विभाग की संयुक्त कार्रवाई

# अवैध धान परिवहन का भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

कोरिया जिले में राजस्व एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने अवैध धान परिवहन के बड़े नेटवर्क का पदार्फाश करते हुए दो ट्रकों में भरा कुल 1500 बोरी करीब 600 क्विंटल धान जब्त किया है।

■ 600 क्विंटल धान जब्त

यह धान इंडियन एग्रो राइस मिल, पटना से बीएम फूड अंबिकापुर ले जाया जा रहा था। जब्त धान की कीमत करीब 18 लाख 60 हजार रुपए आंकी गई है। मिली जानकारी के अनुसार राजस्व एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से धान परिवहन कर रहे दो ट्रकों को पकड़ा है। पकड़े गए ट्रकों में एक में 800 बोरी तथा दूसरे में 700 बोरी, कुल 1500 बोरी (लगभग 600 क्विंटल) धान भरा हुआ पाया गया। जिला खाद्य अधिकारी नटवर राठौर ने बताया कि ट्रक क्रमांक सीजी 04 एलजेड 6787 एवं सीजी 15 डीजे 3384 में इंडियन एग्रो राइस मिल, पटना से धान को बीएम फूड, अंबिकापुर ले जाने का प्रयास किया जा रहा था। जब्त धान की अनुमानित कीमत करीब 18 लाख 60 हजार रूपए बताई जा रही है। जांच के दौरान दोनों ट्रकों के चालकों द्वारा कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके। इस पर अधिकारियों ने तत्काल धान जब्त करते हुए दोनों वाहनों को थाना पटना में विधिवत सुपुर्द कर दिया।



धान समेत जब्त ट्रक।



### खरीदी केन्द्र पहुंच रहे किसान

कोरिया जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी अभियान के लिए लगातार खरीदी जारी है। सरडी नवापारा निवासी किसान बंशीलाल अपने 35 वर्षीय पुत्र पोशभूषण के साथ सहकारी समिति, छिंदडाड में पहुंचकर धान विक्रय किया। किसान बंशीलाल के नाम 0.57 हेक्टेयर पंजीकृत कृषिभूमि में धान की खेती की थी। खरीदी केन्द्र में उन्होंने 29.20 क्विंटल धान की बिक्री की। राज्य सरकार द्वारा निर्धारित 2369 प्रति क्विंटल की समर्थन मूल्य दर के अनुसार उन्हें 69174 रूपए की राशि प्राप्त होगी। इसी तरह ओड़गी निवासी 35 वर्षीय किसान राकेश कुमार साहू पिता रामनरेश ने सहकारी समिति, छिंदडाड में पहुंचकर धान विक्रय किया। उन्होंने समिति के माध्यम से टोकन प्राप्त किया था। राजेश ने बताया कि उन्होंने इस वर्ष 0.569 हेक्टेयर भूमि में धान की खेती की थी। खरीदी केन्द्र में उन्होंने 29.20 क्विंटल धान की बिक्री की। राज्य सरकार द्वारा निर्धारित 2369 प्रति क्विंटल की समर्थन मूल्य दर के अनुसार उन्हें 69174 रूपए की राशि प्राप्त होगी।

# कोटाडोल में विचरण कर रहा हाथियों का दल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

वन मंडल मनेन्द्रगढ़ के बिहारपुर वन परिक्षेत्र से हाथियों का 11 सदस्यीय दल बीती रात विचरण करते हुए एमसीबी जिले के वन परिक्षेत्र कोटाडोल क्षेत्र में प्रवेश किया। वन विभाग के सूत्रों के अनुसार उक्त क्षेत्र में हाथियों के दल के द्वारा किसी तरह के नुकसान नहीं होने की सूचना है, लेकिन इसके पूर्व हाथियों के दल ने वन परिक्षेत्र बिहारपुर क्षेत्र में मकानों को क्षति पहुंचाने के साथ फसलों को भी क्षति पहुंचाई थी।

■ वन अमले ने बनाई नजर

वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 12 दिसंबर को हाथियों का 11 सदस्यीय दल रात्रि में वन मंडल मनेन्द्रगढ़ के वन परिक्षेत्र कोटाडोल अंतर्गत मनियारी परिसर, जनोरा, बड़गांवकला के वनक्षेत्र में विचरण करते हुए बीट रूशनी के वनक्षेत्र की ओर चले गए। कोटाडोल वन परिक्षेत्र में हाथियों के दल के द्वारा किसी तरह की कोई भी फसल हानि, पशु हानि व जनहानि नहीं पहुंचाई है। वन विभाग का मैदानी अमला हाथियों पर लगातार नजर बनाए हुए हैं और प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को हाथियों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने, किसी तरह की छेड़छाड़ न करने तथा जंगल नहीं जाने की समझाईस दी गई है। बीते 12 दिसंबर को हाथियों का दल कोटाडोल वन परिक्षेत्र के बीट रूशनी के कक्ष क्रमांक पी 46 तथा पी 53 में विचरण करते देखे गए। हाथियों के दल को इस क्षेत्र से ग्राम केसौडा, बड़वार, जमुनिहा की ओर जाने की संभावना जताई गई है।



# हत्या के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ वेस्ट चिरमिरी

एमसीबी जिले के थाना पोड़ी क्षेत्र अंतर्गत लामीगोड़ा में बुधवार सुबह दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां 34 वर्षीय युवक ने मामूली बात पर अपनी मां की लोहे की फरसी से वार कर हत्या कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी अर्जुन सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 10 दिसंबर की सुबह आरोपी अर्जुन सिंह ने मां शांति बाई उम्र 65 वर्ष से चाय बनाने को कहा। इस पर शांति बाई द्वारा इंकार किए जाने पर आरोपी गुस्से में आ गया और घर में रखी लोहे की फरसी से मां के गर्दन और कान के पास कई वार कर उनकी हत्या कर दी।

■ मामूली बात पर अपनी मां की लोहे की फरसी से किया वार

घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना पोड़ी में अपराध क्रमांक 109/2025 धारा 103 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक एमसीबी श्रीमती रत्ना सिंह के निर्देश तथा नगर पुलिस अधीक्षक चिरमिरी श्रीमती दीपिका मिंज के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पोड़ी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपराध कबूल किया, जिसके आधार पर उसका मेमोरेण्डम कथन लिया गया एवं उसके द्वारा छिपाई गई घटना में प्रयुक्त लोहे की फरसी को पुलिस ने बरामद कर जब्त किया, इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक जवाहर लाल गायकवाड़, सहायक उप निरीक्षक शेष नारायण सिंह, कमलेश पाण्डेय, प्रधान आरक्षक सुरसेन तिर्की, आरक्षक संतोष सिंह, विनय तिवारी, प्रदीप पाण्डेय एवं थाना पोड़ी स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### पशु जन्म नियंत्रण कार्यक्रम के लिए तैयारियां प्रारंभ

**बैकुण्ठपुर।** सर्वोच्च न्यायालय में दायर प्रकरण में सुनो मोटो वाइट पिटीशन (शिविल) के अंतर्गत दिए गए निर्देशानुसार राज्य के नगरीय निकायों में कम से कम 1 पशु जन्म नियंत्रण केन्द्र की स्थापना एवं संचालन समय-सीमा में किया जाना है, जिसके तहत जिले के आवारा कुत्तों की नसबंदी, कृमिनाशक दवापान एवं रैबिज नियंत्रण के लिए टीकाकरण किया जाना है। पशु जन्म नियंत्रण के लिए केन्द्र एवं श्वानों के लिए आश्रय स्थल (डॉग शेल्टर) के लिए स्थल का चयन, पशुधन विकास विभाग एवं नगरीय निकाय की संयुक्त टीम द्वारा बना लिया गया है ।



## विवेकानंद महाविद्यालय में व्याख्यानमाला का आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** महिला एवं बाल विकास विभाग रायपुर एवं कार्यालय जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति के तत्वाधान में 31 दिसंबर तक शैक्षणिक संस्थानों स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालय के माध्यम से जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजन के क्रम में शुक्रवार को शासकीय विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ में प्रभारी प्राचार्य डॉ. रश्मि तिवारी के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में बाल विवाह मुक्त छग एवं बाल विवाह मुक्त भारत विषय पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया।

मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित ताज मोहम्मद (आउटरिच वर्कर) ने अपने व्याख्यान में बताया कि बाल विवाह मुक्त भारत का संकल्प केवल एक सामाजिक अभियान नहीं, बल्कि मानवाधिकार, शिक्षा और समान अवसरों की रक्षा का आधार है। बाल विवाह बच्चों के शारीरिक, मानसिक व भावनात्मक विकास को बाधित करता है और विशेषकर बालिकाओं के भविष्य को सीमित कर देता है। संरक्षण अधिकारी बिंदिया खलखो के द्वारा बताया गया कि बाल विवाह के उन्मूलन के लिए कानूनी प्रावधानों के साथ-साथ जनजागरण, शिक्षा का प्रसार, आर्थिक सशक्तिकरण और समुदाय स्तर पर साकारात्मक सामाजिक परिवर्तन अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम केअंत में प्रभारी प्राचार्य डॉ. तिवारी द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को बाल विवाह मुक्त भारत का शपथ दिलाया। इस दौरान उन्होंने बताया कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई और कानून का उल्लंघन है, जो बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य और विकास में बाधा है तथा उनके सपनों को साकार होने से रोकता है। उन्होंने बताया कि जब समाज बाल विवाह को परंपरा नहीं बल्कि अपराध और अन्याय के रूप में देखेगा तभी हम सचमुच एक सुरक्षित, शिक्षित और जागरूक बाल विवाह मुक्त भारत का निर्माण कर पाएंगे। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता रामयज्ञ साहू, पंकज कुमार पैकरा तथा महाविद्यालय के प्राध्यापक कमलेश पटेल, श्रीमती अनुपा तिग्गा, सुशील कुमार छात्रे, अतिथि व्याख्याता पुष्पराज सिंह, रामनिवास गुप्ता, डॉ. रेनू प्रजापति, डॉ. रामजी गर्ग, कार्यालयीन स्टॉफ मनीष कुमार, सुनीत जॉनसन बाड़ा, बीएल शुक्ला, मीना, पारूल , साधना , हेमंत सिंह, रामखेलावन गुप्ता, लड्डू गोपाल , कमलू सिंह मार्को, श्रीमती मायादेवी सिंह, प्रदीप कुमार मलिक, सतीश , पारसनाथ तिग्गा, ममता सहित काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।




## एसईसीएल कटकोना कालरी में सुरक्षा पखवाड़ा

**पटना।** एसईसीएल के कोयला खान सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत 11 दिसंबर को कटकोना कालरी में विस्तृत सुरक्षा निरीक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

खदानों में सुरक्षा मानकों के अनुपालन और जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से गठित निरीक्षण दल ने कटकोना की 1 एवं 2 नंबर खदानों के भीतर व सतही क्षेत्रों का व्यापक निरीक्षण किया। निरीक्षण दल ने सभी सुरक्षा उपकरणों, कार्यस्थलों, मशीनरी, गैस मॉनिटरिंग सिस्टम, वेंटिलेशन, अग्निशमन व्यवस्था, आपातकालीन सुविधाओं तथा श्रमिकों के व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता व कार्यप्रणाली की विस्तृत समीक्षा की। इस टीम में सोहागपुर क्षेत्र के कन्वेयर विशेषज्ञ सैयद कादरी, आईएसओ पर्यवेक्षक एस. वाहने, विद्युत एवं यांत्रिकी अभियंता आरएल प्रजापति, कामगार निरीक्षक (खनन) हरिराम कोरी, सर्वेयर पवन कुमार, क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी बैकुंठपुर वीएस परिहार सहित कई अनुभवी अधिकारी शामिल रहे।

वहीं क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक बैकुंठपुर गौरव दुबे, खान प्रबंधक कटकोना एचएन चौबे, सहक्षेत्र अभियंता एकसे बेलदार, बीके सिंह और दीप कुमार यादव ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। सुरक्षा अधिकारी केके विश्वकर्मा, सर्वेयर लालमन, ज्ञानेन्द्र चतुर्वेदी, आरके मंडल, राजकुमार, मानिकचंद, राजकुमार सिंह, योगेन्द्र मिश्र, अजय सिंह, पन्ना यादव, अमन देवांगन, अशोक दुबे, जीके चटर्जी, राणा प्रताप सिंह, महेश यादव, अंजन साय और राकेश घोष सहित अनेक कर्मचारी निरीक्षण में उपस्थित रहे। निरीक्षण दल ने कार्यस्थल पर सुरक्षा नियमों के पालन को संतोषजनक पाया, हालांकि कुछ बिंदुओं पर सुधार संबंधी सुझाव भी दिए।

## समर्थ भारत बनाने सभी नागरिक जागरुक हो

हरिभूमि न्यूज. मनेंद्रगढ़



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना ऐसे समय हुई थी जब हमारा देश स्वाधीनता के लिए संघर्ष कर रहा था। इन 100 वर्षों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने व्यक्ति निर्माण की दिशा में उत्कृष्ट कार्य किया है। समर्थ भारत बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक को जागरूक होना जरूरी है। उक्ताशय के विचार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर कार्यवाह नीरज अग्रवाल नीटू ने पतंजलि योग समिति के द्वारा आयोजित विचार मंच में व्यक्त किया।

नगर के बौद्धिक विचारको एवं प्रमुख महिला योग साधिकाओं की गरिमा मयी उपस्थिति में आयोजित वैचारिक संगोष्ठी में, राष्ट्रीय भावना के विकास के लिए भारत माता के चित्र के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की यात्रा संगठन एवं सेवा की शताब्दी की यात्रा से संबंधित पत्रको का वितरण किया गया। पतंजलि योग समिति के वरिष्ठ योगाचार्य सतीश उपाध्याय ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की 100 वर्ष पूर्ण किए जाने पर खुशी व्यक्त की।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आज विश्व का सबसे बड़ा सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठन है जो व्यक्ति निर्माण की दिशा में पूरी निष्ठा से कार्य कर रहा है। श्री उपाध्याय ने संघ के पंच परिवर्तन को राष्ट की मजबूती का आधार स्तंभ बताया। पतंजलि योग समिति के संयोजन में आयोजित इस वैचारिक संगोष्ठी में वनवासी कल्याण समिति के वरिष्ठ अध्यक्ष जगदंबा अग्रवाल ने नागरिक कर्तव्य बोध, स्व आधारित जीवन, कुटुंब प्रबोधन पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक समरसता को राष्टीय जागरण का मूल मंत्र बताया। इस वैचारिक संगोष्ठी में लायंस क्लब की सचिव प्रियंका अग्रवाल, आरडी दीवान, रामसेवक विश्वकर्मा ,छग योगासन फेडरेशन के योग प्रशिक्षक विवेक तिवारी, पतंजलि योग समिति से अर्चना अग्रवाल, भैरव केशरवानी, दिवाकर मिश्रा, विजय मंगलम कन्या आश्रम की संचालिका एवं समाज सेविका रूपा पोद्दार, कविता मंगतानी, पिंकी सलूजा अर्चना सेजपाल, रोशन जहां, दिवाकर मिश्रा, भैरव केसरवानी, सुषमा केसरवानी आदि उपस्थित रहे।

### घर-घर पहुंच रही स्वास्थ्य विभाग की टीम

**मनेन्द्रगढ़।** राज्य में कुष्ठ रोग उन्मूलन के उद्देश्य से समुदाय में संक्रमण रोकथाम तथा संभावित रोगियों की प्रारंभिक पहचान को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा सघन प्रयास जारी हैं। इसी उद्देश्य से राज्य सरकार के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अविनाश खरे ने 31 दिसंबर तक सघन कुष्ठ खोज अभियान चलाने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए। इसके अतिरिक्त कलेक्टर डी. राहुल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक आयोजित कर अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार तथा सभी विभागों से आवश्यक सहयोग के निर्देश भी प्रदान किए गए।

## बाल विवाह रोकने दिलाई गई शपथ



**मनेंद्रगढ़।** महिला एवं बाल विकास विभाग के नेतृत्व में संचालित बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 100 दिवसीय विशेष जागरूकता कार्यक्रम जिलेभर में प्रभावी रूप से चलाया जा रहा है।

जिला कलेक्टर डी.राहुल वेंकट के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी आदित्य शर्मा के मार्गदर्शन में जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में जन जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इस क्रम में आईटीआई कॉलेज चिरमिरी, पॉलिटेक्निक कॉलेज चिरमिरी तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोड़ी में छात्रों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 केक प्रावधानों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। अधिकारियों ने बताया कि कानून के अनुसार लड़को के लिए विवाह की न्यूनतम आयु 21 वर्ष तथा लड़कियों के लिए 18 वर्ष अनिवार्य है। निर्धारित आयु से पूर्व विवाह करना एवं कराना दोनों ही कानूनी अपराध हैं, जिसके लिए संबंधित व्यक्तियों पर कठोर कार्रवाई का प्रावधान है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विद्यार्थियों को 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन) और अन्य संरक्षण संबंधी सेवाओं की जानकारी दी गई। छात्रों को बाल विवाह की सूचना तुरंत संबंधित विभाग को देने और किसी भी बाल विवाह की घटना को रोकने में सहयोग प्रदान करने के लिए प्रेरित किया गया।




## बालिकाओं के बौद्धिक विकास के लिए जागरूकता कार्यक्रम

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी एनएस रावटे के मागदर्शन में बेटी पढ़ाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत विकासखंड़ बैकुंठपुर के ग्राम पंचायत भवन भंडारपारा में शासकीय कन्या महाविद्यालय द्वारा आयोजित एनएसएस कैंप में मानव अधिकार दिवस के अवसर पर कैंप में उपस्थित स्वयं सेविकाओं के बौद्धिक विकास के उद्देश्य से मानव अधिकार के संबंध में विस्तृत जानकारी दिया गया। साथ ही उपस्थिति प्रतिभागियों को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित अन्य योजनाओं जैसे- घरेलू हिंसा, सखी वन स्टॉप सेंटर, शक्ति सदन, बाल विवाह, अनैतिक व्यापार, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के संबंध में जानकारी प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में जिला मिशन समन्वयक, मिशन शक्ति, संरक्षण अधिकारी, नवा बिहान, परियोजना समन्वयक चाईल्ड हेल्प लाईन, सामाजिक कार्यकर्ता आईसीपीएस एवं महाविद्यालय के प्राचार्य उपस्थित रहे।

### नगर पालिका बैकुंठपुर की सामान्य सभा में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

# निकाय चुनाव तक नहीं होगी संपत्तिकर में वृद्धि, 11 प्रस्ताव स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर के सामान्य सभा की बैठक 12 दिसंबर को नपा कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। इनमें कई प्रस्तावों पर मुहर लगी, लेकिन शहर में संपत्तिकर में वृद्धि को आगामी नपा चुनाव तक के लिए टाल दिया गया।

बैठक के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नपा के सामान्य सभा की बैठक में कुल 11 प्रस्ताव स्वीकृति के लिए रखे गए थे। इनमें शौचालय निर्माण कार्य 5 नग के न्यूनतम दर लागत 114:20 लाख निविदा दर 14:66 प्रतिशत कम फर्मखान कांट्रेक्टर एवं सप्लायर की स्वीकृति बावत विचार निर्णय,15 वे वित्त आयोग अंतर्गत नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत राईजिंग पाइप लाइन विस्तार व जल संग्रहण व टेंक निर्माण कार्य के लिए स्थल चयन करने के संबंध में विचार एवं निर्णय, परिषद द्वारा निर्णय अनुसार भू-तल 27 रूपए एवं प्रथम तल 32 रूपए को जीर्ण दुकानों को रेनिवेशन कर निर्धारित किराया की राशि पर संशोधन किए जाने पर विचार एवं निर्णय, वित्तीय वर्ष 2025-26 में संपत्ति कर वृद्धि करने, मुख्यमंत्री स्वालंबन दुकानों के किनारे बने सार्वजनिक शौचालय को व्यवस्थित किए जाने, टैंकर प्रदान की राशि जमा नहीं होने के कारण निकाय कोष में क्षति होने के संबंध में विचार एवं निर्णय, मानस भवन एवं सांस्कृतिक भवन शुल्क के संबंध में, निकाय के समस्त करों का निर्धारित समयावधि पर जमा नहीं करने पर 10 प्रतिशत संपत्तिकर, समेकितकर, जलकर, दुकान किराया में अधिभार की राशि लिए जाने केसंबंध में,निराश्रित वृद्धा एवं मुख्यमंत्री पेंशन तथा परिवार सहायता योजना के संबंध में, 15 वे वित्त से क्रय ट्रैक्टर तीन नग के कराए गए आरटीओं रजिस्ट्रेशन एवं बीमा के भुगतान के संबंध में तथा गैस पाइप लाइन से प्राप्त राशि से लंबित देनदारी का भुगतान किए जाने के संबंध में विचार एवं निर्णय लिया गया। सीएमओ संजय दुबे ने बताया कि सामान्य सभा की बैठक में सभी प्रस्तावों को पारित किया गया है। बैठक में नपा अध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे, उपाध्यक्ष आशीष यादव, नपा के वार्डो के पार्षदगण, अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।




नगर पालिका कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित सामान्य सभा की बैठक।

### बीएससी नर्सिंग के तीसरे सेमेस्टर का परिणाम घोषित

**बैकुंठपुर।** राजवाड़े इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग में अध्ययनरत बीएससी नर्सिंग तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं का परीक्षा परिणाम घोषित हो चुका है। तृतीय सेमेस्टर नर्सिंग पाठ्यक्रम विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण चरण होता है। इसमें वे न केवल बेसिक नर्सिंग सिद्धांतों को मजबूत करते हैं, बल्कि अन्य विषयों मेंभी गहन ज्ञान प्राप्त करते हैं। इन विषयों की कठिनाई को ध्यान में रखते हुए भी विद्यार्थियों का प्रदर्शन प्रशंसनीय रहा है। इसमें कुमारी रोशनी साहू ने 71.66 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, कुमारी शालिनी 70.66 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान एवं कुमारी नूर अपशा ने 68 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस बार के परिणामों में कई विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर संस्थान का गौरव बढ़ाया है। उनकी सफलता के पीछे शिक्षकों के मार्गदर्शन, प्रैक्टिकल ट्रेनिंग, आधुनिक शिक्षण सुविधाओं तथा विद्यार्थियों के निरंतर अभ्यास की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## खबर संक्षेप



### नवीन पाठ्य पुस्तकों पर विषय आधारित ब्लाक स्तरीय प्रशिक्षण

**बिश्रामपुर।** नवीन पाठ्य पुस्तक पर विषय आधारित विकासखंड स्तरीय पांच दिवसीय प्रशिक्षण स्थानीय शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिश्रामपुर तथा स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय के सभा कक्ष में संपन्न हुआ,जिसमें सामाजिक विज्ञान और विज्ञान विषय पर क्रमशः 94 तथा 98 प्रशिक्षणार्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया,इन्हें जिला प्रशिक्षण संस्थान अंबिकापुर से प्रशिक्षित प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया, सामाजिक विज्ञान विषय में रितेश गुप्ता,सौरभ वर्मा, टीकाराम यादव तथा विज्ञान विषय में अमरेंद्र पांडेय, त्रिवेणी प्रसाद,सुनीता बंजारे ने मास्टर ट्रेनर्स के रूप में कार्य किया,प्रशिक्षण के दौरान सूरजपुर बीईओ हरेंद्र सिंह तथा विकासखंड स्त्रोत समन्वयक मनोज मंडल द्वारा प्रशिक्षणार्थियों से प्रशिक्षण के संबंध में फीडबैक लिया गया, इस दौरान बीईओ हरेंद्र सिंह ने कहा कि नई शिक्षण-रणनीतियों,मूल्यांकन पद्धतियों और नवीन तकनीकी साधनों को अपनी कक्षाओं में लागू करें,ताकि विद्यार्थियों को व्यवहारिक,रोचक और सीखने-योग्य वातावरण उपलब्ध हो सके,उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज निर्माण की धुरी हैं,इसलिए उनका सतत प्रशिक्षण और अद्यतन रहना अत्यंत आवश्यक है,विकासखंड स्त्रोत समन्वयक मनोज मंडल ने कहा कि विषय आधारित प्रशिक्षण शिक्षकों की विषयगत दक्षता बढ़ाने, कक्षा-कक्ष शिक्षण को अधिक प्रभावी बनाने तथा विद्यार्थियों के अधिगम परिणामों में सुधार लाने के लिए अत्यंत आवश्यक है,शिक्षक जब अपने विषय में गहराई से दक्ष होते हैं तो वे विद्यार्थियों की सीखने की गति और आवश्यकताओं को बेहतर ढंग से समझ पाते हैं, ऐसे प्रशिक्षणों से शिक्षा की गुणवत्ता में सीधा सुधार होता है, प्रशिक्षण प्रभारी के रूप में बिश्रामपुर संकुल के जन शिक्षक गौरीशंकर पांडेय, नेल्सन बैक, पंकज सिंह व कार्तिक दुबे सक्रिय रहे।

### पुरानी पद्धति से धान खरीदी करने की मांग, सौंपा ज्ञापन



**अंबिकापुर।** जिला किसान कांग्रेस कमेटी ने एग्रो पोर्टल को बंद कर पुरानी पद्धति से धान खरीदी करने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने कलेक्टर के माध्यम से राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा है। जिला किसान कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दुर्गेश कुमार गुप्ता ने बताया कि सरकार द्वारा लागू एग्रो पोर्टल आधारित टोकन व्यवस्था पूर्णतः विफल हो चुकी है। तकनीकी विसंगतियों और मनमाने नियमों के चलते कई किसान न तो पंजीकरण कर पा रहे हैं और न ही उनका टोकन कट रहा है। इस व्यवस्था के गंभीर परिणामों के कारण महासमुंद में एक किसान द्वारा टोकन न मिलने पर आत्महत्या का प्रयास किए जाने की दुर्भाग्यपूर्ण घटना सामने आई है। पंजीयन विसंगति के कारण स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, पूर्व सैनिक, कोटवार एवं वन अधिकार पट्टा धारक किसानों की शासकीय पट्टेधारी भूमि का पंजीकरण भी एग्रो पोर्टल से नहीं हो पा रहा है। किसानों के लिए धान खरीदी केन्द्र में तौल कांटा बढ़ाने के साथ साथ हमाली व्यवस्था बढ़ाया जाए किसानों के लिए पीने का पानी, बैठने की व्यवस्था, शौचालय, रात्रि होने पर विश्राम व अत्याधिक ठंड को ध्यान में रखते हुए अलाव की व्यवस्था धान खरीदी केन्द्रों में किया जाए। एग्रो पोर्टल को तत्काल प्रभाव से बंद किया जाए एवं धान खरीदी हेतु पुरानी, सुचारू पद्धति को पुनः लागू किया जाए। किसानों को पुरानी व्यवस्था की तरह तीन टोकन दिए जाए। इस दौरान प्रमोद चौधरी, मनीष केशरी, निखिल विश्वकर्मा, सीपी सिंह, जमील खान, पंकज शुक्ला सहित अन्य मौजूद थे।

### शासकीय महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस पर व्याख्यान




**बिश्रामपुर।** शासकीय महाविद्यालय बिश्रामपुर में अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस के अवसर पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया,कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलन तथा राजकीय गीत के साथ हुआ,कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में संजय गुप्ता (सदस्यअंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार अपराध नियंत्रण छत्तीसगढ़),सत्यनारायण जायसवाल (पूर्व जिला पंचायत सदस्य) तथा सामाजिक कार्यकर्ता संतोष द्विवेदी मुख्य रूप से उपस्थित रहे,इस दौरान सत्यनारायण जायसवाल ने मानव अधिकारों का संक्षिप्त विश्लेषण करते हुए कहा कि "धरती पर सभी मानव का समान अधिकार है और कर्तव्यों का पालन करते हुए जीवन जीना ही वास्तविक मानवता है,उन्होंने 90% अंक प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को उनकी तरफ से 51 सौ रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान करने की घोषणा की, मुख्य वक्ता संजय गुप्ता ने मानव अधिकारों की विस्तृत व्याख्या करते हुए कहा कि कमजोर और जरूरतमंद वर्ग की सहायता करना हर मानव का दायित्व है,इस अवसर पर विद्यार्थियों को डायरी और पेन भी वितरित किए गए, महाविद्यालय के प्राचार्य डीपी कोरी ने विद्यार्थियों से कहा कि अधिकारों की प्राप्ति के साथ–साथ कर्तव्यों के प्रति सजग रहना भी आवश्यक है,कार्यक्रम में अतिथियों को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र भेंट किए गए,कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन राजनीति विज्ञान के अतिथि व्याख्याता अंकुश सिंह सिसोदिया ने किया,कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र–छात्राएं तथा शिक्षकगण उपस्थित रहे।

फसल की हालत से किसान हताश

# शीतलहर के प्रकोप से सूखने लगी पठारी क्षेत्रों में लगी टमाटर की फसल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धौरपुर

पिछले एक सप्ताह से पड़ रही कड़ाके की ठंड अब फसलों के लिए भी खतरनाक साबित हो रही है। ठंड व पाला पड़ने के कारण सब्जियों का उत्पादन कम हो गया है वहीं पठारी क्षेत्रों में लगी टमाटर की फसल अब सूखने लगी है। टमाटर की फसल के अचानक सूखने से किसान परेशान है।

**खास बात**
- उत्पादन में आई भारी कमी, खुदरा में 60 रूपए किलो बिक रहा टमाटर

शहर सहित पूरे सरगुजा संभाग में पिछले एक सप्ताह से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। पश्चिमतर की सर्द हवाओं के प्रभाव से पारा सामान्य से 4.5 डिग्री नीचे पहुंच गया है तथा न्यूनतम पारा प्रारंभ से ही 5 डिग्री पर स्थिर है। कड़ाके की ठंड के कारण कई स्थानों पर रात में धुंध एवं कोहरा का असर देखा जा रहा है वहीं पठारी क्षेत्रों में लगातार पाला जम रहा है। जिसके प्रभाव से फसलों पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। हाल-हाल तक कृषकों को अच्छी आय देने वाली टमाटर की फसल पाला के प्रभाव से अब सूख रही है। सरगुजा संभाग में टमाटर की व्यापक स्तर पर खेती होती है। अच्छी कमाई होने के कारण बड़ी संख्या में किसान पठारी क्षेत्रों में टमाटर की खेती कर रहे हैं। पड़ोसी राज्य यूपी, बिहार एवं झारखण्ड में टमाटर की अच्छी मांग होने के कारण व्यापारी सीधे किसानों के खेत में पहुंच जा रहे हैं। एक सप्ताह पूर्व तक किसानों को टमाटर की फसल से अच्छी आय हो रही थी। अचानक ठंड बढ़ने एवं पाला पड़ने के कारण पहले तो फलों की वृद्धि प्रभावित हुई तथा अब पूरी फसल ही सूखने लगी है। लुण्ड्रा तहसील अंतर्गत पठारी क्षेत्र सपड़ा, भेड़िया, परसाढोढ़ी, सरईपानी, नागम एवं पसेना में 100 एकड़ से अधिक क्षेत्रफल में लगी टमाटर की फसल तेजी से सूख रही है। उद्यानिकी वैज्ञानिक प्रभावित फसल पर पाला का प्रभाव पड़ने एवं सुरक्षा के लिए सामूहिक रूप से रात में जगह – जगह अलाव जलाने एवं धुंआ करने की सलाह दे रहे हैं जो व्यवहारिक रूप से संभव नहीं है। फसल सूखने के कारण किसान काफी निराश हैं।




ठण्ड से झूलसी टीमाटर की फसल।

**आवक हुई चौथाई**

थोक सब्जी विक्रेताओं के अनुसार शीतलहर का प्रकोप होने के बाद थोक मंडी में टमाटर की आवक घटकर चौथाई हो गई है जिसका प्रभाव कीमतों पर पड़ा है। चार दिन पूर्व तक थोक सब्जी मंडी में हर दिन 20 पिकअप टमाटर की आवक होती थी जो अब घटकर 5-6 पिकअप में सिमट गई है। पूर्व में आवक अधिक होने पर थोक में टमाटर 30 रूपए एवं खुदरा में 40-50 रूपए किलो बिक रहा था। आवक कम होने के बाद थोक में टमाटर 40 रूपए एवं खुदरा में 60 रूपए की दर से बिक रहा है। मौसम ऐसा ही रहा तो टमाटर की उपज में भारी कमी आने के साथ ही कीमतों में और अधिक वृद्धि होने की संभावना जताई जा रही है। ठंड बढ़ने के कारण अन्य सब्जियों का उत्पादन भी घट गया है।

**2 हजार एकड़ में खेती**

लुण्ड्रा तहसील अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में किसान 2 हजार एकड़ से अधिक क्षेत्रफल में सब्जियों की खेती कर रहे है। जिन क्षेत्रों में सिंचाई के साधन हैं वहां किसान खीरा, लौकी, बरबट्टी आदि की खेती कर रहे हैं जबकि असिंचित क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर टमाटर की खेती हो रही है। ठंड के मौसम में टमाटर की भारी मांग होने के साथ ही किसानों को उनकी उपज की अच्छी कीमत मिलती है। टमाटर की खेती से किसानों की आर्थिक स्थिति में तेजी से सुधार हो रहा है।

**कम हुई है आवक**

ठंड बढ़ने के कारण थोक मंडी में टमाटर की आवक घटकर चौथाई हो गई है। कम आवक होने के कारण कीमतों में काफी वृद्धि हुई है। ठंड इसी तरह रही तो अन्य सब्जियों की आवक में भी कमी आने की संभावना है।

-काशीनाथ केशरी
अध्यक्ष, थोक सब्जी विक्रेता संघ

## गंदगी से बजबजाती नाली ने बढ़ाई परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर



नालियों की साफ सफाई एवं गंदे पानी के निकासी के अभाव में नाली में जमा गंदगी एवं गंदे पानी की वजह से नगर की नालियां बजबजाने लगी है। नाली की नियमित साफ सफाई नही होने की वजह से उसमें गंदगी एवं कचरे का ढेर लग गया है जिसकी वजह से नाली से उठने वाली दुर्गंध ने लोगों के नाक में दम करते हुए उनका जीना मुहाल कर दिया है।इसके अलावा नाली में जमा गंदगी की वजह से मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है। नगर को स्वच्छ बनाए रखने की दिशा में नालियों की सफाई का दावा करने वाली नगर पंचायत का यह दावा नालियों को देख झूठा साबित हो रहा है। स्थानीय लोगों द्वारा इस संबंध में अवगत कराने के बाद भी नगर पंचायत इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है।

- दुर्गंध ने किया लोगो का जीना मुहाल

विदित हो कि बारिश से पूर्व नगर पंचायत द्वारा अभियान चलाकर नगर के सभी नालियों की सफाई कराई गई थी। दावा किया गया था कि नगर की एक भी नाली इससे अछूती नहीं रहेगी लेकिन नगर पंचायत का यह दावा गंदगी से सराबोर नगर की नालियों ने झूठा साबित कर दिया खासकर गौरवपथ का नाली जिसकी वजह से वार्डवासियों समेत आम लोग काफी परेशान हो गए है। सफाई अभियान के दौरान मरम्मत के नाम पर अधूरी छोड़ दी गई नाली से गौरवपथ का माहौल दूषित हो गया है। दरअसल वार्ड क्रमांक 15 एवं 4 से होकर गुजरने वाली गौरवपथ के दोनों ओर रिहायशी इलाके एवं व्यवसायिक केंद्र स्थित है। जिसकी वजह से घरों का कचरा एवं गंदा पानी नाली में आकर जमा हो जाता है। इसके अलावा हटरी में लगने वाले सब्जी बाजार के सड़े गले अवशेष भी नाली में डाल दिये जाते है जिसकी वजह से नाली का माहौल काफी दूषित हो चुका है और इसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है।नियमित साफ सफाई के अभाव में गंदी नाली की वजह से गौरवपथ के रहवासियों को दुर्गंध के साथ मच्छरों का प्रकोप झेलना पड़ रहा है। इसके अलावा नाली के अवशेष नेशनल हाईवे तक बिखरा हुआ है जिसकी वजह से हमेशा दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। इस संबंध में स्थानीय लोगों द्वारा नगर पंचायत एवं वार्ड पार्षदो को अवगत कराने के बाद भी खुली नाली एवं पसरी गंदगी की समस्या दूर नही होने का नाम नही ले रही है। जिसकी वजह से गंदगी एवं दुर्गंध का सामना कर रहे वार्डवासियों में काफी आक्रोश व्याप्त है। वार्डवासियों ने गौरवपथ एवं उसके आसपास खुली पड़ी नालीयों की सफाई एवं उस पर ढक्कन लगाने की मांग की है ताकि लोगो को नाली के प्रकोप से मुक्ति मिल सके।

इस संबंध में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रेमदान कुजूर ने बताया कि बारिश की वजह से नाली सफाई अभियान प्रभावित हो गया था। बारिश बंद होते ही नाली सफाई अभियान शुरू कराया जायेगा।

### महापौर और पार्षदों के लंबित मानदेय का निपटारा करने हाईकोर्ट ने दिया आदेश

**अंबिकापुर।** नगर निगम के पूर्व महापौर और पार्षदों के लंबित मानदेय को लेकर छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने गाइडलाइंस जारी करते हुए इस मामले के निपटारे का आदेश जारी किया है। 2019 से 2025 की अवधि तक के निगम कार्यकाल के चुने हुए महापौर और पार्षदों का मानदेय जून 2023 से लंबित है। इस बीच जनवरी 2025 में इस अवधि के महापौर और पार्षदों के कार्यकाल भी समाप्त हो गया। मानदेय का भुगतान नहीं होने के कारण महापौर एवं कांग्रेस से जुड़े 21 पार्षदों ने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। इसपर उच्च न्यायालय ने 28 नवंबर को आदेश जारी किया था। याचिका की बहस के दौरान नगर पालिका निगम के अधिवक्ता ने यह तर्क दिया था कि पूर्व महापौर और पार्षदों ने उन महीनों के हिसाब नहीं दिया है जिनका मानदेय नहीं दिया गया है। सभी पक्षों को सुनने के बाद उच्च न्यायालय ने यह आदेश दिया कि सभी पिटीशनर जिनमें पूर्व महापौर और पार्षद शामिल हैं आदेश के 2 सप्ताह के अंदर निगम अम्बिकापुर के समक्ष मानदेय नहीं मिलने वाली अवधी का हिसाब देंगे और निगम अम्बिकापुर हिसाब प्राप्त होने के 3 माह के अंदर राज्य सरकार के नोटिफिकेशन दिनांक 12 मई 2022 के हिसाब से निपटारा करें। जिसपर याचिकाकर्ता महापौर और पार्षदों ने 11 दिसंबर को आयुक्त, नगर निगम अम्बिकापुर को अपने बकाया मानदेय विवरण दे दिया है।

- वर्ष 2022 से लंबित है पूर्व मेयर और पार्षदों का वेतन

**लगभग डेढ़ करोड़ का मानदेय है अटका-** निगम अम्बिकापुर के द्वारा निगम के पूर्व कार्यकाल ने जून 2023 से जनवरी 2025 तक पार्षदों और महापौर को मानदेय भुगतान नहीं किया गया है। इस अवधि के लिए निगम के 47 पार्षदों और महापौर का कुल 1.43 करोड़ का मानदेय बकाया है। उच्च न्यायालय के द्वारा जिन 22 याचिकाकर्ता पार्षदों और महापौर के लिये आदेश जारी किया है उन्हें आगामी 3 माह में 67 लाख का भुगतान करना होगा।

## गुणवत्ता पखवाड़ा में बिश्रामपुर क्षेत्र ने हासिल किया द्वितीय स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र ने बेहतर

- दीपका में आयोजित समापन कार्यक्रम में डीपी ऑपरेशन ने बिश्रामपुर टीम को पुरस्कार देकर किया सम्मानित



टीमवर्क,मजबूत प्रबंधन और गुणवत्तापूर्ण कार्यशैली के दम पर बड़ी उपलब्धि हासिल की है,क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में बिश्रामपुर क्षेत्र ने गुणवत्ता पखवाड़ा 2025 के समापन समारोह में अपने वर्ग में द्वितीय पुरस्कार हासिल कर लिया है।

यह सम्मान निदेशक तकनीकी संचालन एन फ्रेंकलिन जयकुमार द्वारा दीपका में आयोजित समापन कार्यक्रम में प्रदान किया गया है,ज्ञात हो कि कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों के पालन,उत्पादन के साथ गुणवत्ता संतुलन, मशीनों की मेंटेनेंस, कर्मचारियों की भागीदारी और नवाचार की दिशा में किए गए प्रयास इन सभी मोर्चों पर बिश्रामपुर क्षेत्र ने इस वर्ष उल्लेखनीय बढ़त बनाई है,गुणवत्ता पखवाड़े में टीम ने कार्यप्रवाह सुधार,तकनीकी समस्या समाधान, वर्कशॉप मॉनिटरिंग और प्रोसेस ऑप्टिमाइजेशन पर विशेष फोकस किया,जिसका असर सीधे उत्पादकता और प्रदर्शन पर दिखा,पुरस्कार ग्रहण करते हुए क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय कुमार सिंह ने कहा कि यह सम्मान बिश्रामपुर की पूरी टीम की मेहनत का परिणाम है,हमने हमेशा गुणवत्ता और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है और आगे भी यही हमारी दिशा रहेगी जिसमें जोखिमों का समय रहते मूल्यांकन करना,कर्मचारियों को निर्णय में भागीदारी देना तथा तकनीकी प्रक्रियाओं को सरल बनाना मुख्य रूप से शामिल है।

### रासेयो स्वयं सेवकों ने चलाया सफाई अभियान

**बिहारपुर।** स्वच्छता ही सेवा के तहत शासकीय नवीन महाविद्यालय की रासेयो योजना इकाई द्वारा सफाई अभियान चलाकर साफ-सफाई की गई। अभियान के तहत स्वयंसेवकों ने मुख्य चौराहा एवं पुलिस थाने के मुख्य मार्ग की सफाई की। इस दौरान स्वयंसेवकों ने पुलिस थाना प्रांगण व मुख्य सड़क के दोनों ओर स्थित दुकानों के आसपास के कचरे की सफाई की तथा दुकानदारों को परिसर के आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने का संदेश दिया। चौराहे पर स्वयंसेवकों ने जगह-जगह बिखरे प्लास्टिक के टुकड़ों व पॉलिथीन की थैलियों को एकत्र किया तथा लोगों को स्वच्छता का ध्यान रखने का संदेश दिया।




## वाटरशेड महोत्सव अंतर्गत कराई गई प्रतियोगिता, निकाली प्रभात फेरी

**सोनगरा।** प्रतापपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत झींगादोहर में कृषि विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (जलग्रहण विकास घटक 2.0) अंतर्गत वाटरशेड महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्राम करसु एवं श्यामनगर के स्कूलों में प्रभात फेरी, ड्राइंग प्रतियोगिता व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुए जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर जल है तो जीवन है का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते शामिल हुई जबकि अध्यक्षता जिपं अध्यक्ष चंद्रमणी पैकरा ने की। इस दौरान विधायक ने 3 कार्यों का लोकार्पण एवं 4 कार्यों का भूमि पूजन किया। ग्रामीणों की सहभागिता से रंगोली प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। हितग्राहियों को 1 नग मिनी राइस मिल एवं 2 नग



मिनी फ्लोर मिल हितग्राहियों को प्रदान की गई। 25-25 हजार रुपए डीबीटी के लाभार्थियों को चेक दिए गए। कार्यक्रम में जिपं उपाध्यक्ष रेखा राजवाड़े, सभापति कृषि स्थाई समिति लवकेश पैकरा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष लाल संतोष सिंह, जनपद सदस्य शिवनंदन पैकरा, सरपंच सोनामनी अगरिया, मंडल अध्यक्ष मुकेश सिंह, मंडल उपाध्यक्ष शरद चंद्र द्विवेदी, गोपाल शरण सिंह, मीना श्रीवास्तव, हिमांशु सिंह, राजू शर्मा, अनुराग द्विवेदी, आशीष दुबे, किरण गुप्ता, अशोक प्रजापति, सोहरसाय पैकरा, मनीष मिश्रा, अंकुर पटेल, संजय मिश्रा, सुजीत मेहता, विकास तिवारी, पूरन राजवाड़े, धनेश्वर राजवाड़े, रामदुलार सिंह, भुनेश्वर सिंह, शोभनाथ अगरिया, शिव सिंह, मंडल संयोजक रंजय सिंह, एवीएफओ सुबोध कुमार, पटवारी राजालाल भगत, सचिव कवलभान सिंह, गोविंद यादव, कमला ठाकुर, उप संचालक कृषि सुश्री संपदा पैकरा, सहायक संचालक कृषि संदीप सिन्हा, शैलेन्द्र जयसवाल, अजय अग्रवाल, प्रवीण ठाकुर, विवेक गुप्ता, तेजेश्वर तिवारी, शिव शंकर यादव, मिथलेश चक्रधारी, अभिषेक सिंह, चंद्र प्रकाश जयसवाल सहित अन्य मौजूद थे।

## जीवन ज्योति हॉस्पिटल में श्री आईवीएफ सेंटर का शुभारंभ

**हेल्थ प्लस**

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जीवन ज्योति सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने शुक्रवार को अपना स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। हॉस्पिटल ने अपनी स्थापना के 15 वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण किए है। इस मौके पर अस्पताल में निःसंतान दम्पतियों के लिए श्री आईवीएफ (टेस्ट ट्यूब बेबी) केंद्र का शुभारंभ किया। इस आईवीएफ सेंटर के शुभारंभ होने के बाद अब अंबिकापुर ही नहीं बल्कि पूरे सरगुजा संभाग के संतान दंपतियों को मेट्रो सिटी तक बार-बार जाना नहीं पड़ेगा। जीवन ज्योति हॉस्पिटल में सभी जांच उपचार सोनोग्राफी ब्लड टेस्ट और आईवीएफ की पूरी प्रक्रिया एक ही जगह पूरी होगी। स्थापना दिवस के अवसर पर श्री आईवीएफ सेंटर के शुभारंभ मुख्य अतिथि कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने वर्चुअल रूप से किया। मंत्री श्री नेताम ने जीवन ज्योति हॉस्पिटल ही नहीं बल्कि पूरे सरगुजा वीडियो को आईवीएफ सेंटर खुलने की बधाई दी।

- 15 वर्ष पूर्ण होने पर शुरू की गई नई सुविधा, कैबिनेट मंत्री नेताम ने किया उदघाटन



कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ जीवन ज्योति स्टाफ द्वारा मैट्रन श्रीमती मंजूषा शर्मा के मार्गदर्शन में एक प्रभावी नाटक का मंचन भी किया गया जिसमें अंधविश्वास से ऊपर उठ कर चिकित्सीय सुविधाओं का लाभ उठाने की प्रेरणा दी गयी। फर्टिलिटी स्पेशलिस्ट लेप्रोस्कोपी सर्जन और स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर स्नेहा सिंह ने बताया कि आईवीएफ क्लिनिक की स्थापना से क्षेत्र के उन दंपतियों को बड़ी सहायता मिलेगी जो संतान सुख की इच्छा रखते हैं। यह केंद्र आधुनिक तकनीक और अनुभवी चिकित्सकों की टीम के साथ क्षेत्र में उन्नत स्वास्थ्य सुविधाओं का नया अध्याय जोड़ेगा। उन्होंने बताया कि आईवीएफ से जन्म लेने वाले बच्चे बिल्कुल सामान्य और स्वस्थ होते है। तनाव देर से शादी हार्मोनल बदलाव कमजोर एंड शुक्राणु जैसी समस्याएं ज्यादातर सामने देखने को मिली है सही समय पर जांच और उपचार से अधिकतर दंपति प्राकृतिक रूप से माता-पिता बन सकते है। पत्रकारों को संबोधित करते हुए इस दौरान जीवन ज्योति हॉस्पिटल के एमडी पैथोलॉजिस्ट डॉक्टर आकाश सिंह ने बताया कि आईवीएफ के लिए जो भी जांच सुविधा होनी चाहिए वह सभी सुविधा मेट्रो सिटीज की तरह हमारे पास उपलब्ध है अत्यधिक उपकरण उच्चतम सटीकता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करते हैं जिससे प्रभावित और सटीक उपचार के लिए सर्वोत्तम परीक्षण परिणाम प्राप्त होते हैं। डॉ. स्नेहा सिंह ने बताया कि सरगुजा जैसे क्षेत्र में हम आईवीएफ को लेकर जागरूकता के लिए लोगों के बीच जाएंगे. जागरूकता से ही उनकी झिझक दूर होगी और निसंतान दंपतियों का काम आसान होगा। जेजे हॉस्पिटल की डायरेक्टर श्रीमती संध्या सिंह ने बताया कि सामाजिक दृष्टि से अभी भी कई जगह सरगुजा में पिछड़ा क्षेत्र है. ऐसे मामलों में अभी भी संकोच और शर्मिंदा जैसी बातें सामने आती रहती हैं। पीड़ित यह नहीं जानते कि डॉक्टर के पास जाने से उनका यह संकोच मिट सकता है। आयोजन के दौरान जीवन ज्योति अस्पताल के चेयरमेन डॉ जेके सिंह, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एमपी अग्रवाल, बब्बन जी पांडे, वरिष्ठ पार्षद विजय सोनी, त्रिलोक कपूर कुशवाहा, पार्षद मनीष सिंह, पार्षद श्रीमती गीता प्रजापति, पार्षद मेघा खांडेकर, पार्षद गुड्डू मेराज, समाजसेवी वंदना दत्ता, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

online Booking:-www.tripuryatra.com
20 वर्षों से
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरुपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
25 शीटें शेष
राशि:- स्लीपर 20,500/-, 3 एसी-32,500/-, 2 एसी 38,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411